प्रस्तुतकर्ता द्वारा बताया गया कि इस तिथि को पीठासीन अधिकारी द्वारा कुल 26 विभिन्न प्रकार के दीवानी वाद विभिन्न कार्य हेतु नियत किये गये थे। मूलवाद संख्या- 514/2013, श्रीकृष्ण बनाम अनिल, मूलवाद संख्या-863/2017, प्रमोद बनाम राजकुमार में वाद बिन्दु निस्तारण किये गये है, मूल वाद संख्या-531/2015, विद्याराम बनाम राजू में संशोधन प्रार्थना पत्र स्वीकृत किया गया है। कोविड-19 के कारण अधिवक्तागण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है इस कारण अग्रिम तिथियां नियत की गयी।

<u>दिनांक 06-11-2020 (शुक्रवार)</u>

प्रस्तुतकर्ता द्वारा बताया गया कि इस तिथि को पीठासीन अधिकारी द्वारा कुल 27 विभिन्न प्रकार के दीवानी वाद कार्य हेतु नियत किये गये थे, कोविड-19 के कारण अधिवक्तागण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं इस कारण अग्रिम तिथियां नियत की गयी।

<u>दिनांक 07-11-2020 (शनिवार)</u>

प्रस्तुतकर्ता द्वारा बताया गया कि इस तिथि को पीठासीन अधिकारी द्वारा कुल 10 विभिन्न प्रकार के दीवानी वाद नियत किये गये थे। जिसमें मूल वाद संख्या-550/2017, गंगा सिंह बनाम शेर सिंह में वाद बिन्दु निस्तारण किया गया है। कोविड-19 के कारण अधिवक्तागण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे है इस कारण अग्रिम तिथियां नियत की गयी।

11.बी,सी- **पीठासीन अधिकारी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि वह पुराने वादों को सबसे ऊपर डायरी में ऊपरी भाग में, मध्यवर्ती वाद मध्य में एवं नये वाद डायरी के अन्त में प्रविष्टि किया करें।**

Sd, noted for compliance by P.O.

✓11.डी- निरीक्षण वर्ष 2020 में पीठासीन अधिकारी की डायरी देखने से प्रतीत होता है कि पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस में प्रर्याप्त कार्य नियत किया गया है तथा प्रर्याप्त कार्य करने का प्रयास किया गया है।

✓11.इ- मुंसरिम द्वारा बताया गया कि निरीक्षण वर्ष 2020 में पीठासीन अधिकारी द्वारा अनावश्यक स्थगन स्वीकार नहीं किये गये हैं। निरीक्षण वर्ष में किसी पत्रावली में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिन प्रतिदिन सुनवाई किये जाने का आदेश अनुपालन हेतु लम्बित नहीं है।

11.एफ- न्यायालय के प्रस्तुतकर्ता द्वारा बताया गया कि न्यायालय में उपस्थित साक्षीगण का साक्ष्य अंकित करने के उपरान्त ही सम्बन्धित पत्रावलियों में आगामी तिथियां नियत की जाती हैं।

11.जी- प्रपत्र संख्या-04 को देखने से विदित होता है कि है न्यायालय के पीठासीन अधिकारी द्वारा निर्धारित अवधि के अन्दर कोई भी पूर्ण परीक्षण के उपरान्त पत्रावली निर्णीत नहीं की गयी है।

11.एच- प्रस्तुतकर्ता द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्रों पर पर्याप्त कारण दर्शित करते हुये, विस्तृत आदेश पारित करके ही स्थगन स्वीकार किये गये हैं।

11.आई- न्यायालय के सम्बन्धित लिपिकगण द्वारा आज्ञाप्तियां, सामान्य नियमावली व्यवहार के नियम-98 के अनुसार तैयार की जाती हैं। इस निरीक्षण वर्ष में कोई भी वाद निर्णीत न होने के कारण किसी भी पत्रावली में डिकी नहीं बनाई गयी है।

11.जे- न्यायालय में कार्यरत प्रस्तुतकर्ता द्वारा बताया गया कि निरीक्षण वर्ष 2020 में पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिवक्ता के व्यक्तिगत आधार पर 5 या 6 मुकदमे एक सप्ताह में स्थगित किये जाते हैं। अनावश्यक रूप से समयाभाव में कोई मुकदमा स्थगित नहीं किया गया तथा अधिवक्ता के विरोध न करने पर लगभग 14 या 15 मुकदमें एक सप्ताह में स्थगित किये जाते थे।

11.के- न्यायालय के वाद लिपिक द्वारा बताया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी परिपत्रों एवं आदेश-20 नियम-21 व्यवहार प्रक्रिया संहिता एवं सामान्य नियम व्यवहार के नियम-98 के अनुरूप ही डिकी तैयार की जाती हैं।

12.- वाद लिपिक द्वारा बताया गया कि निरीक्षण वर्ष 2020 में वाद बिन्दु विरचित किये जाने से पूर्व आवश्यकतानुसार आदेश-10 नियम-02 सिविल प्रक्रिया संहिता के अनुसार पक्षकारों के साक्ष्य अंकित नहीं किये जाते है। इस सम्बन्ध में वाद लिपिक द्वारा बताया गया कि आदेश-10 नियम-02 सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत साक्ष्य अंकित नहीं किये गये हैं।

13.- वाद लिपिक द्वारा बताया गया कि निरीक्षणाधीन वर्ष 2020 में ऐसा कोई मामला न्यायालय में लम्बित नहीं रहा जिसमें अवयस्क की आयु 12 वर्ष से अधिक हो और नोटिस दिया जाना आपेक्षित हो।

14.अ- मेरे द्वारा न्यायालय में अध्याय-14 नियम-406 सामान्य नियम व्यवहार के अन्तर्गत अनुरक्षित किये जा रही परवाना अमीन पंजिका प्रारूप संख्या-106 का अवलोकन किया गया तो पाया कि यह पंजिका दिनांक 24-12-2018 से प्रयोग में लायी जा रही है। इसमें लेबिल चस्पा है, परन्तु शीर्षक व हैडिंग चस्पा नहीं है। उक्त पंजिका में अन्तिम प्रविष्टि मूलवाद संख्या 684/2020, राम सिंह बनाम राम नाथ में दिनांक 04-03-2021 को परवाना अमीन को प्राप्त कराया गया है, जिसमें आख्या प्रस्तुत किये जाने हेतु दिनांक 24-03-2021 नियत की गयी है। वाद लिपिक द्वारा बताया गया कि तीन माह से अधिक अवधि से कोई वाद कमीशन आख्या दाखिल किये जाने हेतु लम्बित नहीं है।

14.ब- वाद लिपिक द्वारा बताया गया कि इस न्यायालय में कोई दीवानी वाद लम्बित नहीं है, जिसमें अधिवक्ता आयुक्त द्वारा सर्वे कमीशन रिर्पोट का दाखिल किया जाना अपेक्षित हो।

14.स- वाद लिपिक द्वारा बताया गया कि न्यायालय अमीन को निरीक्षणाधीन वर्ष 2020 में कोई भी रिट बाबत सर्वे कमीशन हेतु जारी नहीं किया गया है और न ही कोई सर्वे कमीशन रिर्पोट न्यायालय अमीन के पास दाखिल किये जाने हेतु लम्बित है।

## निष्पादन वाद

15.- निष्पादन लिपिक द्वारा बताया गया कि इस निरीक्षण वर्ष 2020 में इस न्यायालय में 3 सामान्य निष्पादन के वाद लम्बित हैं जो सभी छः माह से अधिक समय से विचाराधीन हैं।

16.- निरीक्षण वर्ष 2020 में कोई भी सामान्य निष्पादन वाद पूर्ण संतुष्टि में निस्तारित नहीं किये गये हैं।

17.- नियम-163 सामान्य नियमावली व्यवहार के अनुसार किसी भी निष्पादन वाद में आदेशपत्र पीठासीन अधिकारी के हस्तलेख में न होने एवं न ही उनके द्वारा अग्रिम तिथियां नियत करने एवं आदेश पत्रों पर आदेश क्रमांक अंकित किये गये है। **अतः नियम 163 सामान्य नियमावली व्यवहार की ओर पीठासीन अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुये अपेक्षा की जाती है कि वह निष्पादन वादों की पत्रावलियों में आदेश स्वहस्तलेख में किया करे एवं आदेश पत्रों में क्रमांक अंकित भी किया करें, जिससे कि पत्रावलियों की वर्तमान स्थिति का उन्हें ज्ञान रहें।**

Sir, Noted for compliance
P.O

18.- निष्पादन लिपिक द्वारा बताया गया कि निरीक्षण वर्ष 2020 में किसी प्रकरण में उदघोषणा व नीलामी की कार्यवाही निष्पादित नहीं की गयी है।

19.- निष्पादन लिपिक द्वारा बताया गया कि न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में परवाना कुर्की निर्धारित समय से जारी किये जाते रहे हैं तथा निरीक्षण वर्ष 2020 में ऐसा कोई मामला नहीं आया, जिसमें कुर्की व विक्री के सन्दर्भ में परवाना अमीन आदेश के तीन दिन के अन्दर जारी न किया गया हो।

20.- निष्पादन लिपिक द्वारा बताया गया कि पीठासीन अधिकारी के द्वारा पैरवी

के लिये अधिकतम 07 दिन तक का समय प्रदान किया जाता है।

21.अ- इस न्यायालय मे निरीक्षण वर्ष 2020 में किसी भी मूलवाद की कार्यवाही व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 10 के अन्तर्गत स्थगित नहीं की गयी है।

ब.- वाद की कार्यवाही व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 10 के अन्तर्गत स्थगित करने हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र के साथ सम्बन्धित वाद का पूर्ण विवरण व न्यायालय का नाम आदि प्रस्तुत किये जाते है, परन्तु निरीक्षण वर्ष में ऐसा कोई प्रार्थना पत्र प्रस्तुत नही किया गया है।

स.- न्यायालय में धारा 10, व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत यदि कोई स्थगन आदेश पारित किया जाता है तो न्यायालय जिसमें सम्बन्धित वाद लम्बित होता है को स्थगन आदेश की सूचना भेजी जाती है।

द. न्यायालय में यदि धारा 10 व्यवहार प्रक्रिया संहिता के तहत् स्थगन आदेश पारित होता है तो सम्बधित वाद जिस न्यायालय मे लम्बित है, की कार्यवाही की जानकारी की जाती है।

22.- विवरण पत्र संख्या-06 को देखने से विदित होता है कि इस न्यायालय में कुल 02 मूलवाद, 26 निष्पादन वाद एवं 01 खफीफा वाद की कार्यवाही अपीलीय न्यायालय/माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित विभिन्न आदेशों के अन्तर्गत स्थगित है। माननीय उच्च न्यायालय से स्थगित वादों के सम्बन्ध में पूछताछ किये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित लिपिक द्वारा बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय से पूछताछ की गयी है।

23.- मुंसरिम द्वारा बताया गया कि जिन मामलों में अन्य न्यायालयों से पत्रावली तलब की जाती है उन पत्रावलियों में कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जाती है। अभियाचन पंजिका को देखने से विदित होता है कि दीवानी के 29 वादों की पत्रावलियां अपीलीय न्यायालय के अभियाचन पर अपीलीय न्यायालय को प्रेषित की गयी हैं, परन्तु प्रेषित की जाने वाली पत्रावलियों के सत्यापन हेतु समय समय पर पूछताछ होना नहीं पाया गया है **सम्बन्धित लिपिकगण को निर्देशित किया जाता है जो पत्रावलियां तीन माह के ऊपर की अवधि से अपीलीय न्यायालय में लम्बित है उनका सत्यापन नियमित रूप से किया जाना सुनिश्चित करें।**

24.- न्यायालय के मुंसरिम द्वारा बताया गया कि माह दिसम्बर, 2020 तक की निर्णीत पत्रावलियों को अभिलेखागार में दाखिल किया जा चुका है। माह जनवरी, 2021 में निर्णीत पत्रावलियों को दाखिल अभिलेखागार किये जाने के सम्बन्ध में लिपिक द्वारा बताया गया कि समय से पत्रावलियों को दाखिल किया जा चुका है।

25.- मुंसरिम द्वारा बताया गया कि अधिकांश मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक एवं वार्षिक विवरण प्रपत्र समय सीमा के अन्तर्गत प्रशासनिक कार्यालय में प्रेषित किये गये हैं किन्तु कुछ मासिक/त्रैमासिक/वार्षिक विवरण प्रपत्र कुछ विलम्ब से प्रेषित किये गये हैं। **मुंसरिम को निर्देशित किया जाता है कि वह भविष्य में सभी विवरण पत्र**

निर्धारित समय सीमा के अन्दर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

26.- विवरण पत्र संख्या-07 को देखने से विदित होता है कि न्यायालय में निरीक्षण वर्ष 2020 में कुल 6 निरीक्षण प्रार्थना पत्र एवं 790 तलाश व सूचना प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये हैं और उनसे क्रमशः 66/- व 2370/-की आय हुयी है जबकि विगत वर्ष में कुल 3 निरीक्षण प्रार्थना पत्र एवं 1258 तलाश व सूचना प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये हैं और उनसे क्रमशः 33/- व 7548/-की आय हुयी है। न्यायालय में लम्बित मुकदमों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुये निरीक्षण प्रार्थना पत्र एवं तलाश व सूचना प्रार्थना पत्रों की संख्या कम है। **अतः न्यायालय में कार्यरत मुंसरिम, पेशकार एवं लिपिकगण को निर्देशित किया जाता है कि वह माननीय उच्च न्यायालय के परिपत्र संख्या-60/आठ-01 /प्रशासकीय-जी दिनांकित 30-11-1992 का अध्ययन कर इसका पालन करना सुनिश्चित करें तथा किसी भी पत्रावली का अनाधिकृत रूप से निरीक्षण न करावें तथा बिना प्रार्थना पत्र सूचना के कोई भी सूचना किसी को उपलब्ध न करायें।**

27.- न्यायालय के मुंसरिम द्वारा बताया गया कि कार्यालय में स्टाम्प निरीक्षक की कोई आख्या अनुपालन हेतु लम्बित नहीं है।

28.- मुंसरिम द्वारा बताया गया कि निरीक्षण के समय इस कार्यालय में माननीय उच्च न्यायालय अथवा अन्य न्यायालयों से पत्रावली मँगाये जाने हेतु कोई मांगपत्र अनुपालन हेतु लम्बित नहीं है। सम्बन्धित लिपिकगण द्वारा बताया गया कि प्रतिलिपि विभाग का कोई भी मांगपत्र निरीक्षण दिनांक को लम्बित नहीं है।

29.- मुंसरिम द्वारा बताया गया कि सामान्य नियम व्यवहार एवं सामान्य नियम दाण्डिक में प्राप्त सभी संशोधन स्लिप चस्पा की जा चुकी है।

30.- इस न्यायालय के मुंसरिम/प्रस्तुतकर्ता द्वारा निरीक्षणाधीन वर्ष में उनके द्वारा अर्द्धवार्षिक निरीक्षण नहीं किये गये है। **अतः मुंसरिम/प्रस्तुतकर्ता को निर्देशित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित प्रश्नोत्तरी के अनुरूप अर्द्धवार्षिक निरीक्षण बाबत षटमास दिसम्बर, 2020 सम्पादित करके निरीक्षण आख्या पीठासीन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करें।**

31.- पीठासीन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि वह न्यायालय में कार्यरत कर्मचारीगण के हस्तलेख से सन्तुष्ट हैं।

32.- इस न्यायालय में आवंटित विधिक पुस्तकें पर्याप्त हैं एवं अच्छी हालत में हैं। न्यायालय में कार्यरत प्रस्तुतकर्ता द्वारा बताया गया कि पुस्तकों की पंजिका अनुरक्षित की जा रही है।

33.- न्यायालय में कार्यरत रीडर द्वारा बताया गया कि अविक्रीत फार्म पुस्तकालय अनुभाग में उपलब्ध रहते हैं। आवश्यकतानुसार उन्हें पुस्तकालय से मंगा लिया जाता है।

34.- मेरे द्वारा इस न्यायालय में लम्बित विभिन्न प्रकार की पत्रावलियों में से कुछ पत्रावलियों का अवलोकन किया गया जो निम्नवत है-

1.- **मेरे द्वारा मूलवाद सं0 510/2010, रामशंकर आदि बनाम बाबाराम** की पत्रावली का अवलोकन किया गया। यह वाद दिनांक 02-11-2010 को इस न्यायालय में वास्ते निषेधाज्ञा प्रस्तुत किया गया था। पत्रावली पर मुंसरिम रिर्पोट उसी दिनांक को अंकित की गयी है एवं उसी दिनांक को वाद को मूलवाद के रूप में पंजीकृत करने का आदेश पीठासीन अधिकारी द्वारा पारित किया गया है। पत्रावली वास्ते एक पक्षीय बहस हेतु दिनांक 23-04-2021 नियत की गयी है। पत्रावली में सभी कागजातों को नत्थियों के अनुसार अनुरक्षित किया गया है एवं प्रार्थनापत्रों आदि पर चस्पा कुछ न्याय शुल्क की टिकटों को निरस्त व पंच नहीं किया गया है। **न्यायालय में कार्यरत मुंसरिम, प्रस्तुतकर्ता एवं लिपिकगण को निर्देशित किया जाता है कि वह सभी कागजातों को नत्थीयों के अनुसार अनुरक्षित करें एवं चस्पा न्यायशुल्क की टिकटों को रद्द व पंच करना एवं टिकटों की संख्या एवं उनका मूल्य लाल स्याही से अंकित करना सुनिश्चित करें।**

श्रीमान जी, अनुपालन हेतु नोट किया

2.- **मेरे द्वारा मूलवाद सं0 420/2009, राम नरेश बनाम श्रीमती फूलन देवी** की पत्रावली का अवलोकन किया गया। यह वाद दिनांक 15-09-2009 को इस न्यायालय में वास्ते निषेधाज्ञा प्रस्तुत किया गया था। पत्रावली पर मुंसरिम रिर्पोट उसी दिनांक को अंकित की गयी है एवं उसी दिनांक को वाद को मूलवाद के रूप में पंजीकृत करने का आदेश पीठासीन अधिकारी द्वारा पारित किया गया है। वाद बिन्दु दिनांक 13-05-2015 विचरित की गयी है।पत्रावली वास्ते एक पक्षीय बहस हेतु दिनांक 24-03-2021 नियत की गयी है। पत्रावली में सभी कागजातों को नत्थियों के अनुसार अनुरक्षित किया गया है एवं प्रार्थनापत्रों आदि पर चस्पा कुछ न्याय शुल्क की टिकटों को निरस्त व पंच नहीं किया गया है। **न्यायालय में कार्यरत मुंसरिम, प्रस्तुतकर्ता एवं लिपिकगण को निर्देशित किया जाता है कि वह सभी कागजातों को नत्थीयों के अनुसार अनुरक्षित करें एवं चस्पा न्यायशुल्क की टिकटों को रद्द व पंच करना एवं टिकटों की संख्या एवं उनका मूल्य लाल स्याही से अंकित करना सुनिश्चित करें।**

श्रीमान जी, अनुपालन हेतु नोट किया

3.- **मेरें द्वारा खफीफा वाद सं0 11/2017, ट्रस्ट मौसूमा ठाकुर रामचन्द्रजी महाराज विराजमान मन्दिर बनाम श्रीमती चन्दा देवी आदि** की पत्रावली का अवलोकन किया गया। यह वाद दिनांक 11-07-2017 को बेदखली एवं किराया वसूली हेतु इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। पत्रावली पर मुंसरिम रिर्पोट उसी दिनांक को अंकित की गयी है एवं इसी दिनांक को वाद को पंजीकृत करने का आदेश पीठासीन अधिकारी द्वारा पारित किया गया है। वर्तमान में यह पत्रावली वास्ते एक पक्षीय बहस हेतु दिनांक 30-03-2021 को नियत है। पत्रावली में सभी कागजातों को नत्थी के अनुसार अनुरक्षित नहीं किया गया है एवं प्रार्थनापत्रों आदि पर चस्पा कुछ न्याय शुल्क की टिकटों को निरस्त व पंच नहीं किया गया है एवं उनकी संख्या व मूल्य भी अंकित नहीं किया गया है। न्यायालय में कार्यरत मुंसरित, प्रस्तुतकर्ता एवं लिपिकगण को निर्देशित किया जाता है कि वह सभी कागजातों को नत्थीयों के अनुसार अनुरक्षित करें एवं चस्पा न्याय शुल्क की टिकटों को रद्द व पंच करना एवं टिकटों की संख्या एवं उनका मूल्य अंकित करना सुनिश्चित करें।

## अन्य टिप्पणियां

मेरे द्वारा न्यायालय के मुंसरिम, रीडर एवं कार्यालय लिपिक द्वारा अनुरक्षित

की जा रही निम्न पंजिकाओ एवं सुरक्षा पंजिकाओं का अवलोकन किया गया जो निम्नवत् है-

**स्याहा रजिस्टर, प्रारूप संख्या-103**

सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-14 नियम-408 के अन्तर्गत यह पंजिका मुंसरिम द्वारा अनुरक्षित की जा रही है। यह पंजिका दिनांक 22-06-2017 से प्रारम्भ की गयी है। इस पंजिका पर लेबिल व शीर्षक नियमानुसार चस्पा है। इस पंजिका की अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 04-03-2021 को मूलवाद संख्या 207/2021, महेश प्रभा बनाम राजाराम से सम्बन्धित है जिसे सतीश चन्द्र अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इस पर मु0 23/-का न्याय शुल्क, 10/- तलवाना, प्राप्त होना अंकित किया गया है। इस पंजिका में कार्यालय में प्रतिदिन प्राप्त होने वाले मूलवादों, प्रकीर्ण वादों इजराय वादों व अन्य सभी प्रार्थना पत्रों के सम्बन्ध में प्राप्त न्याय शुल्क का अंकन किया जाता है। इस पंजिका में दैनिक, साप्ताहिक, मासिक व त्रैमासिक योग लगाया गया है लेकिन षट्मासिक एवं वार्षिक योग नहीं लगाये गये हैं। यह पंजिका निरीक्षण वर्ष में पीठासीन अधिकारी के अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गयी है। **न्यायालय के मुंसरिम को निर्देशित किया जाता है कि इस पंजिका में षटमासिक एवं वार्षिक योग को पूर्ण करें** एवं **यह भी निर्देशित किया जाता है कि पीठासीन अधिकारी के उपलब्ध होने पर अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया करें** एवं उनके हस्ताक्षर प्राप्त किया करें।

**वाद वर्गीकरण पंजिका, प्रारूप संख्या-72**

यह पंजिका सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-14 नियम-400 के अन्तर्गत मुंसरिम द्वारा अनुरक्षित की जा रही है। यह पंजिका दिनांक 01-01-2015 से प्रारम्भ की गयी है जिस पर लेबिल व हैडिंग नियमानुसार चस्पा है। इस पंजिका की अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 04-03-2021 पर मूलवाद संख्या 207/2021, महेश प्रभा बनाम राजाराम की है। यह वाद स्थाई निषेधाज्ञा हेतु दायर किया गया है। इस वाद का मूल्यांकन मु0 1,206/- है। यह पंजिका पीठासीन अधिकारी के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत की गयी है।

**पुर्नभुगतान पंजिका, प्रारूप संख्या-37**

यह पंजिका सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-11 नियम-280 एवं सामान्य पत्र संख्या 16/44-07 (1) दिनांक 17-03-1937 के अन्तर्गत सादा कागज पर लाइन खींचकर दिनांक 27-05-1991 से अनुरक्षित की जा रही है जिस पर लेबिल व हैडिंग नियमानुसार चस्पा है। इस पंजिका की अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 30-04-2019 को जर वापसी प्रार्थना पत्र संख्या 01/2019 की प्रकीर्ण वाद संख्या 2208/2018, नूतन अग्रवाल बनाम दीपक अग्रवाल के सम्बन्ध में अंकित की गयी है। इस जर वापसी प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में प्रतिसंदाय आदेश तैयार कर दिनांक 01-08-2019 को सम्बन्धित पक्षकार को प्राप्त करा दिया गया है। निरीक्षण वर्ष में इस पंजिका किसी भी प्रविष्टि दर्ज नहीं है।

**मूलवाद पंजिका, प्रारूप संख्या-03**

यह पंजिका सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-14 नियम-400 के अन्तर्गत मुंसरिम द्वारा अनुरक्षित की जा रही है। यह पंजिका सादा कागज पर लाइन

खींचकर दिनांक 25-03-2014 से प्रारम्भ की गयी है जिस पर लेबिल व शीर्षक चस्पा है। इस पंजिका मे अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 16-12-2020 को मूलवाद संख्या 696/2020, श्रीमती ऊषा देवी बनाम सुबोध कुमार की अंकित की गयी है। यह वाद निषेधाज्ञा हेतु दायर किया गया है जिसका मूल्यांकन 5,000/- है। न्यायालय द्वारा निर्णीत किये गये वादों मे पारित आदेशों के सरांश इस पंजिका में अंकित किये गये हैं एवं पंजिका में प्रविष्टियां स्तम्भानुसार नहीं की गयी हैं। **सम्बन्धित वाद लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि वह इस पंजिका में स्तम्भानुसार सभी प्रविष्टियां किया जाना सुनिश्चित करें तथा वाद के अन्त में संलग्न नक्शा नजरी भी बनाया करें।**

## मूलवाद फैसला पंजिका, प्रारूप संख्या-67

यह पंजिका सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-14 नियम-400 के अन्तर्गत अनुरक्षित की जा रही है। यह पंजिका सादा कागज पर लाइन खींचकर दिनांक 02-01-2015 से प्रारम्भ की गयी है जिस पर लेबिल व हैडिंग नियमानुसार चस्पा हैं। इस पंजिका में न्यायालय में निर्णीत होने वाले समस्त मूलवादों का इन्द्राज किया जाता है जिसमे निर्णय का दिनांक, मूलवाद संख्या, नाम पक्षकार, मूल्यांकन एवं दायरा का दिनांक भी अंकित किया जाता है। इस पंजिका की अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 05-02-2021 को मूलवाद संख्या 184/2008, राजेश बनाम ज्ञान सिंह की अंकित की गयी है। पंजिका में प्रविष्टियां स्तम्भानुसार नहीं की गयी है। **लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि पंजिका में सभी प्रविष्टियां स्तम्भानुसार किया जाना सुनिश्चित करें।**

## सम्बन्धित प्रकीर्ण वाद पंजिका, प्रारूप संख्या-74

यह पंजिका सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-14 नियम-400 के अन्तर्गत अनुरक्षित की जा रही है। यह पंजिका सादा कागज पर लाइन खींचकर दिनांक 02-04-2019 से प्रारम्भ की गयी है जिस पर लेबिल व हैडिंग नियमानुसार चस्पा हैं। इस पंजिका में न्यायालय में प्राप्त ऐसे प्रकीर्ण वाद पंजीकृत किये जाते है जो अन्य वादों से सम्बन्धित होते है। इस पंजिका की अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 22-02-2021 को प्रकीर्ण वाद संख्या 43/2021, अशोक बनाम सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति आदि की है। लिपिक द्वारा निर्णीत प्रार्थना पत्रों की प्रविष्टियां तथा उनमें पारित आदेशों का सारांश लाल स्याही से अंकित किया गया है। इस पंजिका में प्रविष्टिया स्तम्भानुसार अंकित नहीं की गयी हैं। **सम्बन्धित लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि वह पंजिका में प्रविष्टियां स्तम्भानुसार किया करें एवं इस पंजिका को प्रत्येक माह पीठासीन अधिकारी के उपलब्ध होने पर उन के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत कर उनके हस्ताक्षर प्राप्त किया करें।**

श्रीमान जी अनुपालन हेतु पेश किया

## सामान्य निष्पादन पंजिका, प्रारूप संख्या-68

यह पंजिका सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-14 नियम-400 के अन्तर्गत अनुरक्षित की जा रही है। यह पंजिका सादा कागज पर लाइन खींचकर दिनांक 01-01-2010 से प्रारम्भ की गयी है जिस पर लेबिल व हैडिंग नियमानुसार चस्पा हैं। इस पंजिका में न्यायालय में प्रस्तुत होने वाले सामान्य निष्पादन प्रार्थना पत्र दर्ज किये जाते हैं। इस पंजिका की अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 11-09-2020 को निष्पादन वाद संख्या 4/2020, बाबू राम बनाम कैलाश चन्द्र की है। इस पंजिका में प्रविष्टियां स्तम्भानुसार अंकित नहीं की

गयी हैं। **सम्बन्धित लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि वह पंजिका में प्रविष्टियां स्तम्भानुसार अंकित किया करें।**

<u>साक्षियों के बयान से प्राप्त धनराशि की पंजिका-</u>

यह पंजिका दिनांक 05-09-2018 से प्रारम्भ की गयी है। यह पंजिका लाइनदार रजिस्टर पर लाइनें खींचकर तैयार की गयी है। इस पंजिका में अंतिम प्रविष्टि दिनांक 14-01-2020 को मूलवाद संख्या 348/2007, श्रीमती सुखदेवी बनाम जयराम की अंकित की गयी है, जिसमें साक्षी डी0 डब्लू0 02 का साक्ष्य एक पृष्ठ अंकित किया गया है तथा साक्ष्य की प्रति से प्राप्त धनराशि मु0 20/-उसी दिन नजारत में रोकड़ियां को प्राप्त करा दी गयी है। इस निरीक्षण वर्ष कोई बयान अंकित नहीं किया गया है। यह पंजिका पीठासीन अधिकारी के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत की गयी है। इस पंजिका में दैनिक योग किये गये है, परन्तु साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक, षटमासिक व वार्षिक योग नहीं लगाये गये है। **प्रस्तुतकर्ता को निर्देशित किया जाता है कि वह पंजिका में साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक, षटमासिक व वार्षिक योग पूर्ण करें।**

<u>गैर प्रकीर्ण वादों की पंजिका, प्रारूप संख्या-70</u>

यह पंजिका सामान्य नियमावली व्यवहार के अध्याय-14 नियम-400 के अन्तर्गत अनुरक्षित की जा रही है। यह पंजिका सादा कागज पर लाइन खींचकर दिनांक 01-09-2019 से प्रारम्भ की गयी है, जिस पर लेबिल चस्पा है परन्तु हैडिंग चस्पा नहीं हैं। इस पंजिका में न्यायालय में प्राप्त ऐसे प्रकीर्ण वाद पंजीकृत किये जाते है, जो अन्य वादों से सम्बन्धित होते है। इस पंजिका की अन्तिम प्रविष्टि दिनांक 08-02-2021 को प्रकीर्ण वाद संख्या 30/2021, बबलू बनाम श्रीमती रामकली की है। इस पंजिका में प्रविष्टिया स्तम्भानुसार अंकित नहीं की गयी हैं। **सम्बन्धित लिपिक को निर्देशित किया जाता है कि वह पंजिका में प्रविष्टियां स्तम्भानुसार किया करें एवं पंजिका में हैडिंग चस्पा करना सुनिश्चित करें।**

न्यायालय के मुंसरिम, रीडर व लिपिकगण द्वारा पूछने पर यह बताया गया कि इस न्यायालय में वर्तमान में फीडिंग हेतु कोई पत्रावली शेष नहीं है न कोई पत्रावली अनडेटेड है। **न्यायालय के मुंसरिम, रीडर व लिपिकगण को निर्देशित किया जाता है कि वह पत्रावलियों की फीडिंग एवं अग्रिम नियत तिथियां फीड करने में विशेष ध्यान रखेंगे।**

<u>सुरक्षा पंजिका:-</u>

इस न्यायालय में 04 सुरक्षा पंजिकायें अनुरक्षित की जा रही है जिनमें एक में माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त पत्रों का संग्रह किया जाता है। दूसरी पंजिका माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेशों से सम्बन्धित है, जिसमें माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय के आदेशों का संग्रह किया जाता है। तीसरी पंजिका मुख्य न्यायिक मजि0 के आदेशों से सम्बन्धित सम्बन्धित है, जिसमें मुख्य न्यायिक मजि0 द्वारा जारी आदेशों का संग्रह किया जाता है। चतुर्थ पंजिका लोक अदालत के आदेशों से सम्बन्धित है, जिसमें नोडल अधिकारी एवं सचिव लोक अदालत द्वारा जारी आदेशों का संग्रह किया जाता है। इन

सभी गार्ड फायलों में लेबिल लगा हुआ है एवं सूची पत्र बनाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्बन्धित सुरक्षा पंजिका को अनुरक्षित नहीं किया गया है। **न्यायालय में कार्यरत मुंसरीम/रीडर को निर्देशित किया जाता है कि वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्बन्धित सुरक्षा पंजिका एवं शासनादेश से सम्बन्धित पंजिका अनुरक्षित करना तथा सूची पत्र बनाकर क्रमबद्ध करना सुनिश्चित करें।**

इस न्यायालय में अनुरक्षित की जा रही अन्य पंजिकाओं का भी मेरे द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें अन्य किसी टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है।

Sanjeev Fauzdar 6-3-2021

दि0 06-03-2021

( संजीव फौजदार )
जनपद न्यायाधीश,
फिरोजाबाद।

इस निरीक्षण टिप्पणी में दिये गये निर्देशों का अनुपालन करने के उपरान्त इस निरीक्षण टिप्पणी को अनुपालन आख्या सहित प्रशासनिक कार्यालय में प्रेषित किया जाये। तदुपरान्त इस निरीक्षण टिप्पणी की एक प्रति अनुपालन आख्या सहित माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद को प्रेषित की जाये।

Sanjeev Fauzdar 6-03-2021

दि0 06-03-2021

( संजीव फौजदार )
जनपद न्यायाधीश,
फिरोजाबाद।

ANNEXURE - 2

प्रेषक:- विनीता सिंह
सिविल जज (जू०डि०)
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद

सेवा में,
माननीय जनपद न्यायाधीश
फिरोजाबाद

महोदय,

सविनय निवेदन है कि शिकायती प्रार्थनापत्र दिनांकित 10-03-2021 के सम्बन्ध में मा० महोदय के द्वारा आख्या मांगी गई है जिसके सम्बन्ध में मा० महोदय को सादर अवगत कराना है कि उक्त शिकायती प्रार्थनापत्र (पत्रावली से ऑर्डरशीट गायब होने के सम्बन्ध में) लिपिक श्री मुनेश कुमार के द्वारा दिनांक 06-04-2021 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व उक्त शिकायती प्रार्थना पत्र अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया गया था। (स्टाफ की लापरवाह व मनमानी कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा पूर्व में भी मा० महोदय को अवगत कराया जा चुका है)। अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उक्त शिकायती प्रार्थनापत्र पर न्यायालय में कार्यरत पेशकार श्री श्यामसुन्दर व लिपिकगण श्री मुनेश कुमार व श्री विनीत कुमार से आख्या मांगी गई। पेशकार व लिपिकगण के द्वारा दी गई आख्या इस पत्र के साथ संलग्न है। महोदय, उक्त के सम्बन्ध में (पत्रावली से ऑर्डरशीट गायब होने के सम्बन्ध में) शिकायतकर्ता द्वारा मेरे समक्ष कोई मौखिक शिकायत नहीं की गई थी।

आख्या मा० महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

दिनांक:-09-04-2021.

संलग्न:
1) पेशकार व लिपिकगण की आख्या की मूलप्रति।

भवदीया,
(विनीता सिंह)
सिविल जज (जू०डि०)
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद

ANNEXURE - 3(i)

प्रेषक :-
विनीता सिंह
सिविल जज (जू० डि०)
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद

सेवा में,
माननीय जनपद न्यायाधीश
फिरोजाबाद

विषय :- माननीय महोदय के अनुशासनात्मक पत्र सं० :- 09/2021 दिनांकित 05-01-2021 के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि माननीय महोदय के अनुशासनात्मक पत्र दिनांकित 05-01-2021 के द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है जो कि निम्नवत है :-

1) महोदय, दिनांक 04-01-2021 को अपराह्न 12:10 बजे व 05-01-2021 को अपराह्न 12:30 बजे व 02:10 बजे के पूर्व ही अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उक्त तिथियों पर नियत पत्रावलियों की सुनवाई की जा चुकी थी व कोई पत्रावली सुनवाई हेतु उपरोक्त समय पर न्यायालय में शेष नहीं थी।

2) महोदय, अधोहस्ताक्षरी की पैरेन्ट कोर्ट होने के नाते कार्य की अधिकता रहती है व अधोहस्ताक्षरी को स्टेनो की भी कोई सुविधा प्राप्त नहीं है (जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मा० महोदय को लगातार अवगत कराया जाता रहा है) जिस कारण से पत्रावलियों में आदेश आदि से सम्बन्धित कार्य अधोहस्ताक्षरी को हाथ से लिखने रहते हैं। महोदय, उपरोक्त तिथियों व समय पर, अधोहस्ताक्षरी चेम्बर में पत्रावलियों को पढ़ने व आदेश आदि से सम्बन्धित कार्य कर रही थी।

3) महोदय, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी मेहनत, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा व कर्मठता से किया जाता रहा है और किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्णरूप से गंभीर व सजग है जिस कारण से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा समय से डायस पर बैठकर न्यायिक कार्य किया जाता रहा है और किया जा रहा है।

11/1/21

5) महोदय, अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्णरूप से गंभीर व सजग होने के नाते अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मा० महोदय को लगातार स्टाफ से सम्बन्धित

समस्याओं से अवगत कराया जाता रहा है चाहे वह न्यायालय में कार्यरत स्टाफ के द्वारा पीठासीन अधिकारी (अधोहस्ताक्षरी) को कार्य करने में सहयोग न करना हो अथवा न्यायालय में कार्यरत रहे पेशकार श्री संजीव मिश्रा के द्वारा अधोहस्ताक्षरी (महिला न्यायिक अधिकारी) की फोटो खींचना व वीडियो बनाना, आरोपित करना, धमकाना, अभद्र व्यवहार करना व न्यायालय का कार्य करने में बाधा उत्पन्न करना जैसे गंभीर कृत्य किए जाने पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराना रहा हो।

6) महोदय, वादकारियों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए अधोहस्ताक्षरी के द्वारा ऐसे आरोपपूर्ण माहौल में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी मेहनत, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, तन्मयता व कर्मठता से किया जाता रहा है और किया जा रहा है।

7) महोदय, अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के कारण ही, कि न्यायालय का कार्य सुचारु रूप से हो सके, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा न्यायालय का कार्य करने में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में मा० महोदय को लगातार अवगत कराया जाता रहा है तथा मा० महोदय से सहयोग प्रदान करने का निवेदन व प्रार्थना अधोहस्ताक्षरी के द्वारा की जाती रही है।

8) महोदय, चूँकि वर्तमान समय में पूरे देश में कोरोना वायरस फैला हुआ है एवं भीड़ इकट्ठी होने की दशा में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है जो जानलेवा साबित हो सकता है। माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा भी कोविड-19 के सम्बन्ध में दिए गये दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

स्पष्टीकरण माननीय महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

दिनांक:- 08-01-2021

भवदीया,
V Singh 08/01/2021
(विनीता सिंह)
सिविल जज (जू०डि०)
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद

ANNEXURE - 3(ii)

प्रेषक :-
विनीता सिंह
सिविल जज (जू०डि०)
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद

सेवा में,
माननीय जनपद न्यायाधीश
फिरोजाबाद

विषय :- माननीय महोदय के अर्द्धशासकीय पत्र सं० :- 17/2021 दिनांकित 06-01-2021 के सम्बन्ध में।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि माननीय महोदय के अर्द्धशासकीय पत्र दिनांकित 06-01-2021 के द्वारा स्पष्टीकरण माँगा गया है जो निम्नवत है :-

1) महोदय, दिनांक 04-01-2021 को अपराह्न 12:10 बजे व दिनांक 05-01-2021 को अपराह्न 12:30 बजे व 02:10 बजे के पूर्व ही अधोहस्ताक्षरी के द्वारा उक्त तिथियों पर नियत पत्रावलियों की सुनवाई की जा चुकी थी व कोई पत्रावली सुनवाई हेतु उपरोक्त समय पर न्यायालय मे शेष नहीं थी। दिनांक 06-01-2021 को अपराह्न 02:15 बजे अधोहस्ताक्षरी वॉशरूम गई थी।

2) महोदय, अधोहस्ताक्षरी की पेरेंट कोर्ट होने के नाते कार्य की अधिकता रहती है व अधोहस्ताक्षरी को स्टेनो की भी कोई सुविधा प्राप्त नहीं है जिसके सम्बन्ध मे अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मा० महोदय को लगातार अवगत कराया जाता रहा है। जिस कारण से पत्रावलियों मे आदेश आदि से सम्बन्धित कार्य अधोहस्ताक्षरी को हाथ से लिखने रहते हैं। महोदय, दिनांक 04-01-2021 व दिनांक 05-01-2021 को अतिरिक्त समय पर अधोहस्ताक्षरी चेम्बर मे पत्रावलियों को पढ़ने व आदेश आदि से सम्बन्धित कार्य कर रही थी।

3) महोदय, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी मेहनत, ईमानदारी, समयनिष्ठा व कर्मठता से किया जाता रहा है और किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्णरूप से गंभीर व सजग है जिस कारण से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा समय से डॉयस पर बैठकर न्यायिक कार्य किया जाता रहा है और किया जा रहा है।

5) महोदय, अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्णरूप से गंभीर व सजग होने के नाते अधोहस्ताक्षरी के द्वारा मा० महोदय को लगातार स्टाफ से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराया जाता रहा है चाहे वह न्यायालय में कार्यरत स्टाफ के द्वारा पीठासीन अधिकारी (अधोहस्ताक्षरी) को कार्य करने में सहयोग न करना हो अथवा न्यायालय में कार्यरत रहे पेशकार श्री संजीव मिश्रा के द्वारा अधोहस्ताक्षरी (महिला न्यायिक अधिकारी) की फोटो खींचना व वीडियो बनाना, आपत्तिजनक कार्य, धमकाना, अभद्र व्यवहार करना व न्यायालय का कार्य करने में बाधा उत्पन्न करना जैसे गंभीर कृत्य किए जाने पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत कराना रहा हो।

6) महोदय, वादकारियों के हितों को सर्वोपरी रखते हुए अधोहस्ताक्षरी के द्वारा ऐसे असहयोगपूर्ण माहौल में भी अपने कर्तव्यों का निर्वाहन पूरी मेहनत, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, तन्मयता व कर्मठता से किया जाता रहा है और किया जा रहा है।

7) महोदय, अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के कारण ही, कि न्यायालय का कार्य सुचारू रूप से हो सके, अधोहस्ताक्षरी के द्वारा न्यायालय का कार्य करने में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में मा० महोदय को लगातार अवगत कराया जाता रहा है व मा० महोदय से सहयोग प्रदान करने का निवेदन व प्रार्थना अधोहस्ताक्षरी के द्वारा की जाती रही है।

8) महोदय, चूंकि वर्तमान समय में पूरे देश में कोरोना वायरस फैला हुआ है एवं भीड़ इकट्ठी होने की दशा में संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाना स्वाभाविक है जो जानलेवा साबित हो सकता है। माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा भी कोविड-19 के सम्बन्ध में दिए गये दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

स्पष्टीकरण माननीय महोदय की सेवा में सादर प्रेषित है।

दिनांक :- 08-01-2021

भवदीया
V. Singh 08/01/2021
(विनीता सिंह)
सिविल जज (जू०डि०)
शिकोहाबाद, फिरोजाबाद